
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



4 स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चन्द्रशेखर आज़ाद



5 विपक्ष का मजाक बना लोकतंत्र : शिवराज



8 मारक्रम को सनराइजर्स ने किया रिलीज



9 जापान-अमेरिका व्यापार कर समझौता हुआ

# देश दहलाने की थी तैयारी

## गुजरात एटीएस ने अल-कायदा मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, चार आतंकी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली,23 जुलाई. गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जुड़े चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है. यह गिरफ्तारी गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के नोएडा से की गई है. सूत्रों के अनुसार पता चला है कि ये सभी भारत के कई जगहों पर आतंकी हमले की तैयारी कर रहे थे.**

एटीएस ने इस ऑपरेशन को गुजरात के गांधीनगर और अहमदाबाद में अंजाम दिया गया. गिरफ्तार किए गए आतंकियों में दो गुजरात के, एक दिल्ली और एक यूपी के नोएडा का निवासी है.

सूत्रों के अनुसार सभी की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है. एटीएस को प्रारंभिक जांच में यह जानकारी मिली है कि ये चारों युवक अल-कायदा की विचारधारा से प्रभावित थे और सोशल मीडिया व कुछ संदिग्ध ऐप्स के माध्यम से आपस में संपर्क में थे. ये लोग सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने का काम कर रहे थे और देश में आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहे थे. इनका मकसद अहम ठिकानों पर धमाके करना था. एटीएस को संदेह है कि इनका नेटवर्क सीमा पार के आतंकी संगठनों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे इन्हें दिशा-निर्देश और संभवत: संसाधन भी प्राप्त हो रहे थे. गुजरात एटीएस इन चारों आतंकियों से गहन पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य लिंक और सहयोगियों का पता चल सके. यह भी जानकारी मिली है कि पिछले साल 2023 में भी गुजरात में अल-कायदा से जुड़े चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था.



### गिरफ्तार आतंकियों की पहचान इस प्रकार हुई है

1. मोहम्मद फैक - पुत्र मोहम्मद रिजवान, निवासी फरासखाना, दिल्ली
2. मोहम्मद फरदीन - पुत्र मोहम्मद रईस, निवासी फतेहवाड़ी, अहमदाबाद, गुजरात
3. सेफुल्ला कुरैशी - पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी भोईवाडा, मोडासा, गुजरात
4. जीशान अली - पुत्र आसिफ अली, निवासी नोएडा सेक्टर 63, उत्तर प्रदेश

### 6 जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर बरामद

बेंगलुरु,23 जुलाई. कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में बुधवार को एक बड़ी आतंकी साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया. कलासिपाल्या स्थित बीएमटीसी बस स्टैंड के सार्वजनिक शौचालय के बाहर एक लावारिस प्लास्टिक बैग से 6 जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर बरामद किए गए, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. मौके पर बम निरोधक दस्ता और पुलिस की टीम तुरंत पहुंच गई और इलाके को चारों ओर से घेर लिया गया. डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (वेस्ट डिवीजन) एस. गिरीश ने जानकारी दी कि विस्फोटक सामग्री एक कैरी बैग में थी जिसमें जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर अलग-अलग रखे गए थे.

# लोकसभा में लगातार तीसरे दिन हंगामा

## 28 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर 16 घंटे चर्चा में पीएम मोदी होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 23 जुलाई. संसद के मानसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया. लोकसभा में विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन के चलते बुधवार को भी कोई कामकाज नहीं हो सका. विपक्ष बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (स्ढ्ढक्र) को वापस लेने की मांग कर रहा है.**

सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप पहुंचकर नारेबाजी करने लगे. अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल जारी रखने की कोशिश की और जनता दल यूनाइटेड की सांसद लवली आनंद का नाम पुकारा, लेकिन हंगामे के चलते कुछ भी स्पष्ट रूप से सुनाई नहीं दिया. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब देने की कोशिश की, पर माहौल शांत नहीं हो सका.

अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखें और तख्तियों के साथ प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और सदस्यों को मर्यादित आचरण करना चाहिए.





दोपहर 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू हुई, तो हंगामा और तेज हो गया. पीठासीन अधिकारी संध्या राय और फिर कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने विपक्ष को समझाने का प्रयास किया और बताया कि आज गोवा की जनजातियों से जुड़ा महत्वपूर्ण विधेयक चर्चा के लिए तय है, लेकिन लगातार शोरशराबे के चलते सदन दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया.

इस बीच ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में 28 जुलाई को 16 घंटे की चर्चा की घोषणा की गई है.

### राहुल ने युद्धविराम पर मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए

**नयी दिल्ली, 23 जुलाई.** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के बार-बार किए गए दावों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया. संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री क्या बयान देंगे कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की? वह ऐसा नहीं कह सकते. लेकिन सच्चाई यह है कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की थी और पूरी दुनिया यह जानती है. ट्रंप ने कम से कम 25 मौकों पर दावा किया है कि युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता में उनकी भूमिका थी.

## एक नजर में



### बांदीपोरा में हथियारों के साथ तीन लोग गिरफ्तार

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार देर रात तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया. अधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त रूप से स्थापित एक सुरक्षा चौकी को देखकर संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया. उन्होंने कहा कि तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया. इस संबंध में अरागाम पुलिस स्टेशन में गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### बिहार की मतदाता सूची में छंट सकते 55 लाख नाम

नयी दिल्ली. बिहार की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के प्रथम चरण में अब तक 55 लाख नाम ऐसे पाये गये हैं जिनमें मतदाता की मृत्यु हो चुकी है या वह स्थायी रूप से प्रदेश से बाहर चला गया है या नाम एक से अधिक जगह दर्ज है. आयोग ने आज शाम जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि सूची में दर्ज एक लाख नाम ऐसे हैं जिनमें मतदाताओं से सम्पर्क नहीं किया जा सका है. आयोग ने कहा है कि पुनरीक्षण के पहले चरण में मतदाताओं से गणना-फार्म भरवाने की प्रक्रिया की अंतिम तिथि अब नजदीक है तथा सूची के 98.01 प्रतिशत मतदाताओं के फार्म प्राप्त हो चुके हैं या उनके बारे में सूचना मिल चुकी है. आयोग के अनुसार 24 जून, 2025 तक की सूची के पुनरीक्षण में 20 लाख मतदाता मृत पाये गये है और 28 लाख मतदाता स्थायी रूप से प्रदेश से बाहर चले गए हैं.

### वर्मा की रिट याचिका से अलग हुए सीजेआई

नयी दिल्ली. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया .न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नगदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है. मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूँकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा.

## गुस्ताखी माफ





# चार दिनी यात्रा पर मोदी

## पीएम ब्रिटेन, मालदीव की यात्रा पर हुए रवाना

**नयी दिल्ली, 23 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया. इस दौरान वह दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों चर्चा करेंगे.**

मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है और जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है. हम व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य जैसे व्यापक क्षेत्रों में एक दूसरे के साथ सहयोग करते हैं



इसमें दोनों देशों की जनता के बीच संपर्क का विस्तार भी शामिल है. प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ब्रिटेन की यात्रा में प्रधानमंत्री केर स्टार्मर के साथ बैठक करेंगे और जिससे हमारी द्विपक्षीय आर्थिक भागीदारी को और विस्तार देने का मौका मिलेगा तथा दोनों देशों में समृद्धि और आर्थिक वृद्धि के अवसर बढ़ेंगे.

# उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए तैयारियां शुरू

**चुनाव आयोग जल्द घोषित करेगा कार्यक्रम**

**राज्य सभा और लोक सभा के सभी सदस्य चुनते हैं**

**नयी दिल्ली, 23 जुलाई. चुनाव आयोग ने पूर्व उप राष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद इस पद के लिए निर्वाचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं.**

आयोग ने बुधवार को जारी एक प्रेस नोट में कहा कि नये उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए उसने तैयारी शुरू कर दी है और तैयारी पूरी हो जाने के बाद चुनाव का कार्यक्रम जल्द से जल्द घोषित कर दिया जाएगा. आयोग ने कहा



है कि चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने से पहले की तैयारियों में निर्वाचक मंडल की सूची तैयार करने , रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तय करने और उप राष्ट्रपति पद के लिए पूर्व में हुए सभी चुनावों से संबंधित सामग्री जुटाने और उसकी जानकारी देने का काम शामिल है.

आयोग ने कहा है कि गृहमंत्रालय मंगलवार को एक गजट अधिसूचना के जरिए जगदीप धनखड़ के उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफे की सार्वजनिक सूचना जारी कर चुका है. आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत इस पद के लिए चुनाव कराने का दायित्व प्राप्त है. उप राष्ट्रपति का चुनाव राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 तथा तत्सम्बंधी 1974 के नियमों द्वारा निर्देशित होता है. उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों, राज्य सभा और लोक सभा के सभी सदस्य शामिल होते हैं. उल्लेखनीय है कि धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से सोमवार को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेजा था जो तत्काल प्रभाव से मंजूर हो गया था.

# गोला-बारूद का सफल परीक्षण

## पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना को मिली नयी ताकत

**जैसलमेर, 23 जुलाई. राजस्थान में जैसलमेर जिले के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में स्वदेशी रूप से विकसित गोला-बारूद का सफल परीक्षण किया गया.**

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस परीक्षण को 'सदा आगे' परियोजना के तहत अंजाम दिया गया, जिसे भारतीय सेना और रक्षा अनुसंधान संगठनों की संयुक्त पहल माना जा रहा है. यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी राष्ट्रीय पहलों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है. भारतीय सेना लंबे समय से तोपखाने के लिए आयातित गोला-बारूद पर निर्भर रही है, लेकिन अब स्वदेशी उत्पादन की दिशा में उठाया गया यह कदम आने वाले वर्षों में देश को सैन्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बना देगा.

> सेना के सूत्रों के अनुसार, पोखरण में हुए ये परीक्षण अत्यंत सफल रहे और तय मानकों के अनुरूप सभी तकनीकी मानकों पर खरे उतरे. इससे अब भारत में ही तोपखाना गोला-बारूद का बड़े स्तर पर उत्पादन करने का रास्ता साफ हो गया है. सूत्रों के अनुसार यह गोला बारूद परीक्षण का उद्देश्य गोला-बारूद और अन्य रक्षा सामग्री के निर्माण में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना है.

# गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का भंडाफोड़

- **44.70 लाख रुपये और विदेशी मुद्रा बरामद**
- **विदेश में कंपनियों में नौकरी के नाम पर ठगता था**

**नयी दिल्ली, 23 जुलाई. गाजियाबाद के कविनगर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने एक फर्जी दूतावास का पर्दाफाश करते हुए हर्षवर्धन जैन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है.**

आरोपी खुद को वेस्ट आर्कटिका, सेबोर्गा, पौल्विया और लोडोनिया जैसे काल्पनिक देशों का राजदूत बताता था और लोगों को विदेश भेजने या इंटरनेशनल कंपनियों से संपर्क दिलाने के नाम



पर ठगता था. हर्षवर्धन ने किराए के मकान को दूतावास का रूप देकर वहां से फर्जी डिप्लोमैटिक पासपोर्ट, नकली दस्तावेज और प्रेस कार्ड जैसी चीजें तैयार कर रखी थीं. उसके पास से 44.70 लाख रुपये नकद, विदेशी मुद्राएं, डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी गाड़ियां, फर्जी राजनयिक पासपोर्ट, लैपटॉप, मोबाइल, पेन ड्राइव और विभिन्न देशों की मोहरें बरामद की गई हैं.

### घर से बरामद सामग्री

1. 44 लाख 70 हजार रुपये नकद
2. विभिन्न देशों की विदेशी मुद्राएं
3. चार लग्जरी गाड़ियाँ, जिन पर राजनयिक नंबर प्लेट लगी थीं
4. 18 डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट
5. 12 देशों के राजनयिक पासपोर्ट
6. विदेश मंत्रालय की मुहर लगी जाली दस्तावेज
7. दो जाली पैन कार्ड
8. विभिन्न देशों और कंपनियों की 34 नकली मोहरें
9. दो जाली प्रेस कार्ड
10. विभिन्न कंपनियों के कागजात
11. विभिन्न कंपनियों की 12 घड़ियाँ
12. एक लैपटॉप, एक मोबाइल फ़ोन
14. एक पेन ड्राइव

# इंडिगो विमान के इंजन में लगी आग

**नयी दिल्ली, 23 जुलाई.** अहमदाबाद एयरपोर्ट पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. जब इंडिगो विमान की दीव जाने वाली फ्लाइट (एटीआर 76) के इंजन में टेकऑफ से पहले आग लग गई. विमान में कुल 60 यात्री सवार थे. जैसे ही फ्लाइट रनवे पर रोल कर रही थी, पायलट को इंजन में आग लगने का संकेत मिला. पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे कॉल दी और टेकऑफ रोक दिया गया. सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया और फ्लाइट को तत्काल रद्द कर दिया गया. इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत यह कदम उठाया गया.

# कार ने कांवड़ियों को कुचला, 4 की मौत

- **मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग शामिल**
- **कार भी पलटी, सीएम ने दुख व्यक्त किया**

**ग्वालियर, 23 जुलाई. ग्वालियर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर एक कार ने सड़क किनारे चल रहे कांवड़ियों को कुचल दिया. इसके बाद कार पलटकर खाई में गिर गई. हादसे में तीन कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया. मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग शामिल है. दो की हालत गंभीर है.**



सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है. मृतक के निकटतम परिवारजनों को राज्य शासन द्वारा चार-चार लाख की सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है.बीती देर रात करीब 2 बजे नेशनल हाईवे के शिवपुरी लिंक रोड स्थित शीतला माता मंदिर गेट के पास एक कार कांवड़ियो को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खाई में जा गिरी. डॉक्टरों ने तीन कांवड़ियों को मृत घोषित कर दिया.

**केंद्र की बड़ी पहल** | 2025-26 तक पूरे देश में 17,788 आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र बनाना

# हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने 33,081 करोड़

**नयी दिल्ली,23 जुलाई. देश में स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने और वर्तमान व भविष्य की महामारियों व आपदाओं से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है.**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने संसद को जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के बीच केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 33,081.82 करोड़ रुपए जारी किए हैं. यह धनराशि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत स्वास्थ्य ढांचे के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए दी गई है. राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में जाधव ने बताया कि इस राशि का उपयोग प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ाने में किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचा किसी भी आपदा या महामारी के समय प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया देने में मददगार होता है. पीएम-एबीएचआईएम योजना का कुल परिव्यय 64,180 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है. इस योजना का उद्देश्य 2025-



26 तक पूरे देश में 17,788 आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (एएएम) बनाना है. इसके साथ ही झुग्गी बस्तियों जैसे क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए 11,024 शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र की स्थापना भी

### इन कार्यों के लिए किया गया है फंड का उपयोग

- सरकार ने इस निधि का उपयोग निम्नलिखित ढांचागत परियोजनाओं में किया है
- 10,609 बिना भवन के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) का निर्माण
- 5,456 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यू-एएएम) की स्थापना
- 2,151 ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) का निर्माण
- 744 एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं (आईपीएचएल) जिला स्तर पर
- 621 क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक्स (सीसीबी) का निर्माण और सुदृढ़ीकरण

### विशेष जिले और प्रयोगशालाएं

सरकार ने यह भी घोषणा की है कि 5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले जिलों में 602 सीसीबी स्थापित किए जाएंगे. वहीं, देशभर में 730 आईपीएचएल बनाकर प्रत्येक जिले में एक उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला स्थापित करने की योजना है. यह पूरा प्रयास देश की स्वास्थ्य संरचना को न केवल मजबूत बनाएगा, बल्कि किसी भी आपातकालीन स्वास्थ्य स्थिति में देश को अधिक सक्षम और तैयार बनाएगा.

# मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान के दो बेटे समेत तीन गिरफ्तार

- **भोपाल की एक हिंदू युवती से शादी कर कराया धर्म परिवर्तन**
- **अब तक 14 की गिरफ्तारी, विदेशी फंडिंग की जांच**

**नयी दिल्ली,23 जुलाई. आगरा में अवैध धर्मांतरण रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है. पुलिस ने मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान के दो बेटों अब्दुल रहमान और अब्दुल्ला सहित जुनैद नामक युवक को गिरफ्तार किया है. अब तक इस मामले में कुल 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है.**

आरोपियों पर हिंदू युवतियों को बहला-फुसलाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप है. पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के अनुसार, मौलाना कलीम सिद्दीकी के जेल जाने के बाद अब्दुल रहमान ने धर्मांतरण अभियान को सक्रिय रूप से संचालित किया. गिरफ्तार आरोपियों में जुनैद ने हरियाणा की ममता को फेसबुक पर फंसाकर धर्म परिवर्तन कराया और निकाह कर फिर तलाक दे दिया. वहीं, अब्दुल रहमान के बेटे ने भोपाल की एक हिंदू युवती से शादी कर उसका धर्म परिवर्तन कराया. सूत्रों के अनुसार आरोपी टेक्नोलॉजी में दक्ष हैं, उन्हें 10 से अधिक कंप्यूटर भाषाओं का ज्ञान है.